Post of Secretary, Medical Council of India

3533. SHRI VISHWASRAO RAMARAO PATIL : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(v) what are the details of the post graduate qualification research and teaching exoerience of the Secretary of Medical Council of India.;

(b) whether ths two whole time Inspectors of the council have attained the age of superannuation if so, the reasons for their continuance in service ; and

(c) what are the details of vacancies of the Membership in the Medical Council of India and what steps are bring taken to fill up the same ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D.K. THARA DEVI SIDDHARTHA) . (a) As per Medical Council India recruitment rules MBBS degree of a recognised University with a recognised postgraduate medical qualifications and sufficient experience in matters relating to Medical Education and Administration is essential for the post of Secretary Medical Council of India.

(b) Yes Sir. Whole-time Inspector after superannuation are working on ad-hoc basis till the regular new incumbents join the post. It has been considered necessary to employ them on ad-hoc basis for carrying out the functions of Medical Council of India.

(c) Out of total Membership of 122 of the Medical Council of India there are 48 vacancies. A major portion of this vacancy is in University group because the members elected by the Universities cease to represent on the Medical Council of India on their retirement and the Universties take time to elect new members. Steps have however already been taken to fill up the vacancies.

मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में बीमारियों का फैलना

3534. श्री लक्खीराम अग्रवाल : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के पिछड़े और आदिवासी इलाकों में फैल रही विभिन्न बीमारियों के उन्मूलन के लिए वहां पर कोई अध्ययन दल भेजने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार बाल विकास योजना के बाल कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत इन आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों की स्वास्थ्य-रक्षा के संबंध में कोई अध्ययन कराने पर भी विचार कर रही है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि उपरोक्त भाग (घ) का उत्तर "न" हो, तो उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारा देवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) भारतीय आयुविज्ञान अनुसंधान परिषद् ने आदिवासी लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं का अध्ययन करने के लिए पहले ही जबलपुर, मध्य प्रदेश में एक क्षेत्रीय आयुविज्ञान अनुसंधान केंद्र की स्थापना कर दी है।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

(घ) क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, जबलपुर बच्चों सहित आदिवासियों की स्वास्थ्य परिचर्या का समय समय पर अध्ययन करता है। इस केंद्र ने हाल ही में बस्तर जिले में अबुजमारिया आदिम जनजाति-के 300 बच्चों पर हाल के मार्गदर्शी अध्ययन में जेनू वाल्गम की अत्यधिक (83 प्रतिशत) व्याप्तता का पता लगाया है।

(ङ) यह प्रश्न नहीं उठता।

स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए मध्य प्रदेश को सहायता

3535. **श्री लक्खीराम अग्रवाल** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर कितना धन खर्च किया गया है और आगामी वर्षों के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;

(ख) इन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नाम तथा उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मलेरिया और कालाजार जैसी बीमारियां बस्तर क्षेत्र में महामारी का रूप धारण कर चुकी हैं और यदि हां, तो क्या सरकार ने इस खतरे का सामना करने के लिए कोई कदम उठाए हैं ; और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) और (ख) संविधान के अन्तर्गत स्वास्थ्य राज्य का विषय के है। वैसे, कतिपय विशिष्ट रोगों के नियंत्रण/उन्मूलन के लिए राज्य सरकारों के प्रयासों को बढ़ाने के प्रयोजन से केन्द्र उन्हें केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से सहायता प्रदान कर रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रमुख योजनाओं के लिए मध्य प्रदेश को रिलीज की गई केन्द्रीय सहायता को दर्शाने वाला विवरण इस प्रकार है :—

कार्यक्रम का नाम	केंद्रीय सहायता			
	1989-90	1990-91	1991-92	1992-93*
1. राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम	1549.82	902.30	793.62	1316.56
2. राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम	123.55	202.08	124.00	124.00
3. राष्ट्रीय क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम	90.09	73.14	155.00	105.00
4. राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम . . .	72.07	44.39	74.79	90.38
5. परिवार कल्याण कार्यक्रम .	4683.44	4797.84	3913.88	अनुपलब्ध

*अनन्तिम ।